# पाठ –15 : जहाँ डाल–डाल पर सोने की चिड़िया...

## * मुख से

प्रश्न 1) ऋषि–मुनि क्या करते हैं?

उत्तर : ऋषि–मुनि प्रभु के नाम की माला जपते हैं।

प्रश्न 2) अमृत(जल) कौन देता है और कहाँ–कहाँ?

उत्तर : गंगा, यमुना, कावेरी और कृष्णा नदियाँ अमृत देती हैं। उत्तर, दक्षिण, पूरब, पश्चिम ऐसे चारों दिशाओं में नदियाँ अमृत देती हैं।

प्रश्न 3) फल–फूल के साथ किसके बिखरने की बात कही गई है।

उत्तर : फल–फूल के साथ केसर के बिखरने की बात कही गई है।

प्रश्न 4) कौन–सा देश है जहाँ के त्योहार निराले हैं?

उत्तर : भारत देश के त्योहार निराले हैं।

प्रश्न 5) मंदिर और शिवाले कैसे हैं?

उत्तर : मंदिर और शिवाले आसमान से बातें करते हुए विशाल हैं।

## * लेखिनी से :

1) अमृत पिलवाने का क्या अर्थ है?

उत्तर : पानी मनुष्य के लिए अमृत के समान है। और वह अमृत हमें नदियों से मिलता है। यही इसका अर्थ है।

Scanned by CamScanner

हँसी–खुशी से जीवन बिताने का क्या कारण है?

र : यहाँ दीपावली और होली जैसे बहुत सारे त्योहार मनाए जाते हैं। चारों ओर राग–रंग और खुशी का वातावरण है। यही हँसी–खुशी से जीवन बिताने का कारण है।

Scanned by CamScanner